सीबीआई ने आठ कर्मचारियों को हिरासत में लिया

फर्जी दस्तावेजों से डाक विभाग में नौकरी का मामला सीबीआई ने आठ को पकड़ा

जबलपुर। डाक विभाग में फर्जी शैक्षणिक दस्तावेजों के आधार पर सरकारी नौकरी हासिल करने के मामले में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने बड़ी कार्रवाई की है। ग्रामीण डाक सेवक सहित डाक विभाग के विभिन्न पदों पर फर्जी दस्तावेजों के आधार पर नियुक्ति पाने के आरोप में सीबीआई ने आठ कर्मचारियों को पकड़ा है। इनमें पांच को जबलपुर और तीन को कटनी से पकड़े जाने की जानकारी है। मामले की जांच जारी है और संदिग्ध नियुक्तियों की संख्या बढ़ने की संभावना जताई जा रही है। सीबीआई ने फर्जी दसवीं की अंकसूची के आधार पर ग्रामीण डाक सेवक की नौकरी हासिल करने वाले अभ्यर्थियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की है। जांच में फिलहाल आठ अभ्यर्थियों के नाम सामने आए हैं, जबकि 30 से अधिक संदिग्ध नियुक्तियां भी जांच के दायरे में बताई जा रही हैं।



बोर्ड से सत्यापन में खुली गड़बड़ी

जांच के दौरान डाक विभाग में नियुक्त अभ्यर्थियों की दसवीं की अंकसूचियों का संबंधित शैक्षणिक बोर्डों से सत्यापन कराया गया था। सत्यापन में कुछ अभ्यर्थियों द्वारा प्रस्तुत अंकसूचियां संबंधित बोर्डों से जारी नहीं होने की जानकारी सामने आई। इसके बाद मामले की जांच आगे बढ़ाई गई। सीबीआई की जांच में सामने आया है कि अलग-अलग अभ्यर्थियों ने विभिन्न राज्यों के शैक्षणिक बोर्डों के नाम पर तैयार किए गए कथित फर्जी दस्तावेजों का इस्तेमाल किया। इनमें बिहार, झारखंड और जम्मू-कश्मीर सहित अलग-अलग राज्यों के बोर्डों से संबंधित दस्तावेज बताए जा रहे हैं।

अलग-अलग डाकघरों में थी पदस्थापना

मामले में सामने आए अभ्यर्थियों की जबलपुर जिले के विभिन्न डाकघरों में पदस्थापना रही है। इनमें मानवेंद्र सिंह को कुंडम, राजा बाबू अहिरवार और सौरभ शर्मा को पाटन, प्रदीप कुमार को उमरिया-बरेला तथा नयन कुमार को शाहपुरा क्षेत्र के डाकघर में पदस्थ किया गया था। इसके अलावा बद्री प्रसाद यादव, देवेन्द्र सिंह चौहान और रमाकांत शर्मा की भी डाक विभाग में नियुक्ति हुई थी।दस्तावेजों के सत्यापन में गड़बड़ी सामने आने के बाद डाक विभाग ने संबंधित आठ अभ्यर्थियों की सेवाएं समाप्त कर दी थीं। अब सीबीआई ने मामले को अपने हाथ में लेकर फर्जी दस्तावेज तैयार करने, उनका इस्तेमाल करने और भर्ती प्रक्रिया में कथित धोखाधड़ी की पूरी कड़ी की जांच शुरू कर दी है।

30 से अधिक नियुक्तियां भी जांच के घेरे में

सीबीआई की जांच अभी जारी है। प्रारंभिक जांच में आठ अभ्यर्थियों के नाम सामने आए हैं, लेकिन विभागीय नियुक्तियों से जुड़े 30 से अधिक मामलों की भी जांच किए जाने की जानकारी है। जांच आगे बढ़ने के साथ और कर्मचारियों की भूमिका सामने आने की संभावना है। सीबीआई दस्तावेजों के स्रोत, उनके सत्यापन और भर्ती प्रक्रिया में उनकी स्वीकार्यता से जुड़े पहलुओं की भी पड़ताल कर रही है।



महाकौशल को मिली अत्याधुनिक डायलिसिस सुविधा

बडेरिया मेट्रो प्राइम अस्पताल में एडवांस हीमोडायफिल्ट्रेशन सिस्टम की शुरुआत

जबलपुर। दमोह नाका स्थित बडेरिया मेट्रोप्राइम मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल ने अपनी 20 वर्षों की यात्रा पूरी होने के अवसर पर महाकौशल क्षेत्र को अत्याधुनिक डायलिसिस तकनीक की सौगात दी है। अस्पताल के डायलिसिस यूनिट में विश्व प्रसिद्ध जर्मन तकनीक एडवांस्ड हेमोडायफिल्ट्रेशन पर आधारित एडवांस फ्रेसेनियस 5008 प्रणाली का उद्घाटन संपन्न हुआ। इस अत्याधुनिक प्रणाली का उद्घाटन किडनी ट्रांसप्लांट विशेषज्ञ डॉ. विशाल वढेरा, किडनी ट्रांसप्लांट सर्जन डॉ. राजेश पटेल, मेडिकल स्पेशलिस्ट डॉ. शैलेंद्र राजपूत एवं डायरेक्टर राजीव बडेरिया के द्वारा किया गया। इस अवसर पर हॉस्पिटल के डॉ. हर्ष सक्सेना, डॉ. अरविंद जैन, डॉ. अजय सेठ, डॉ. तरुण नागपाल, डॉ. प्राची शर्मा, सीओ अभिषेक शर्मा सहित समस्त चिकित्सक स्टाफ उपस्थित रहे। हॉस्पिटल प्रबंधन ने कहा कि 20 साल पहले एक छोटे से सपने के साथ शुरुआत की गई थी और आज 20 साल बाद महानगरों जैसी विश्वस्तरीय किडनी रोग उपचार सुविधा क्षेत्र के लोगों को यहीं उपलब्ध कराई जा रही है, ताकि उन्हें इलाज के लिए बाहर न जाना पड़े।



सफाई मित्रों की सुरक्षा में जबलपुर को देश में प्रथम स्थान

जबलपुर। सफाई मित्रों की सुरक्षा, सम्मान एवं कल्याण के क्षेत्र में जबलपुर नगर निगम ने देश में प्रथम स्थान हासिल किया है। इस उपलब्धि के बाद नगर निगम ने सफाई मित्रों के सम्मान, स्वास्थ्य परीक्षण और योजनाओं के हितलाभ वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया। महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने 243 सीवर एवं सेप्टिक टैंक कर्मचारियों को 5 लाख रुपये तक निःशुल्क इलाज की सुविधा के प्रमाण पत्र एवं कार्ड वितरित किए। नमस्ते योजना के तहत कर्मचारियों को आयुष्मान भारत एवं राज्य स्वास्थ्य बीमा योजना से जोड़ा गया। स्वास्थ्य परीक्षण के साथ दवाइयां और सुरक्षा किट भी वितरित की गईं। सीवर एवं सेप्टिक टैंक सफाई को सुरक्षित बनाने कर्मचारियों को आधुनिक मशीनों, सुरक्षा उपकरणों और पीपीई किट के उपयोग का प्रशिक्षण दिया जाएगा। महापौर ने कहा कि सफाई मित्रों की सुरक्षा और सम्मान नगर निगम की प्राथमिकता है। कार्यक्रम में रिंकू विज, डॉ. सुभाष तिवारी, विवेक राम सोनकर, दामोदर सोनी, अंशुल राघवेंद्र यादव, अपर आयुक्त देवेंद्र सिंह चौहान एवं स्वास्थ्य अधिकारी अभिनव मिश्रा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

आज सायंकालीन जलापूर्ति प्रभावित रहेगी

जबलपुर। कार्यपालन यंत्री जल कमलेश श्रीवास्तव ने बताया कि म.प्र.पू.क्षे.वि.वि. कम्पनी द्वारा संधारण कार्य हेतु आज दिनांक 01 अक्टूबर 2026 को विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी. जिससे 120 एम.एल.डी. रमनगरा जल शोधन संयंत्र से सायंकालीन जलापूर्ति प्रभावित रहेगी। संयंत्र से भरी जाने वाली उच्चस्तरीय टंकियाँ क्रमशः बिडला धर्मशाला, मेडिकल, त्रिपुरी, गुलौआ, राईट टाउन, रामेश्वरम, मनमोहन नगर, लक्ष्मीपुर, कोतवाली, मोतीनाला, आनंद नगर, लेमा गार्डन, सर्वोदय नगर, मदर टैरेसा, बेदी नगर, मिल्क स्कीम, किलकारी गार्डन, न्यू शोभापुर निर्मलचंद जैन वार्ड व राजीव नगर बाबा की कुटिया तथा अमृत योजना की क्रमशः कोंगवा, करमेता, शिवनगर, अमखेरा, रवीन्द्र नगर, सुहागी, खैरी व देवताल उच्चस्तरीय टंकियों से जलापूर्ति प्रभावित रहेगी।

उक्त अतिमहत्वपूर्ण कार्य के चलते क्षेत्रीय नागरिकों को होने वाली असुविधा के लिए महापौर जगत बहादुर सिंह "अन्नू", जल प्रभारी दामोदर सोनी एवं निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने खेद व्यक्त किया है। प्रभावित क्षेत्र में टैंकरों के माध्यम से जलापूर्ति की जायेगी।



महाकौशल विद्यालय के 1975 बैच का स्नेह मिलन समारोह संपन्न

जबलपुर। महाकौशल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, जबलपुर के भूतपूर्व छात्रों के 1975 बैच सहित विद्यालय के वरिष्ठ एवं कनिष्ठ पूर्व छात्रों और उनके परिवारों का स्वर्ण जयंती स्नेह मिलन, अभिनंदन समारोह एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम होटल शिखर पैलेस में गरिमामय वातावरण में आयोजित हुआ। शाम 6 से रात 10 बजे तक चले समारोह के मुख्य अतिथि विपिन बिहारी व्यौहार रहे, जबकि अध्यक्षता भूतपूर्व गुरुवर आर.पी. श्रीवास्तव ने की। विशिष्ट अतिथियों में जयंत तन्खीवाले, दत्तात्रेय कुलकर्णी, जी.एस. रैकवार, आर.के. गुजराल एवं रवि शुक्ल शामिल रहे। अतिथियों का माल्यार्पण, तिलक-वंदन कर शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मान किया गया। इसके बाद रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ। रवि शुक्ल ने मधुर गायन से समां बांधा। कविता सिन्हा ने मां शारदे का भजन, जबकि प्रसन्न रथ ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। रजनीश सुल्लेरे, आर.आर. वैद्य, राजकुमार सिन्हा एवं मनोहर शेरेकर ने गीत प्रस्तुत किए। श्रीमती साहू ने भजन और मदन मोहन सोनी ने स्वरचित काव्य पाठ किया। कार्यक्रम का संचालन रजनीश सुल्लेरे ने तथा आभार प्रदर्शन संतोष दुबे ने किया। सभी साथियों को स्मृति चिह्न एवं महिलाओं को उपहार स्वरूप छतरियां भेंट की गईं। समारोह की सफलता में विनोद ओमरे, कमल जैन, विजय साहू, जेठानंद खत्री, कुमार प्रशांत, अरुण जैन, संजय हरिदास एवं माधव गोसावी सहित अनेक पूर्व छात्रों का योगदान रहा। कार्यक्रम की स्मृतियों को छायाकार सुनील गुप्ता ने कैमरे में संजोया।

जल संसाधन व लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभागों का मामला

हाईकोर्ट की सख्ती पर उपयंत्री भर्ती में संविदा कर्मियों को मिला 50 फीसदी आरक्षण



जबलपुर। मप्र हाईकोर्ट में दायर याचिका के बाद राज्य सरकार के जल संसाधन एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने उपयंत्री (सिविल) पदों की भर्ती प्रक्रिया में संशोधन कर पात्र संविदा कर्मियों के लिए 50 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान लागू कर दिया है। गत 24 सितंबर को सुनवाई के दौरान जस्टिस विवेक कुमार सिंह की सिंगल बेंच ने राज्य सरकार को स्थिति स्पष्ट करने और निर्देश प्राप्त करने के आदेश जारी किए थे। आधारताल जबलपुर के राजू यादव सहित 24 संविदा उपयंत्रियों ने हाईकोर्ट की शरण ली थी।याचिकाकर्ताओं के अधिवक्ता नवीन सैनी ने तर्क दिया कि 29 अगस्त 2026 को जारी भर्ती विज्ञापन में पोस्ट कोड 124 (जल संसाधन विभाग) और पोस्ट कोड 130 (लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी) में संविदा कर्मियों के निर्धारित कोटे का उल्लेख नहीं था। शासन की वर्ष 2023 की संशोधित नीति के तहत पात्र संविदा कर्मियों को नियमित सीधी भर्ती में 50 प्रतिशत आरक्षण मिलना अनिवार्य है। याचिकाकर्ता वर्षों से संविदा पर सेवाएं दे रहे हैं, फिर भी उन्हें उनके अधिकार से वंचित रखा गया था। सैनी ने बताया कि हाईकोर्ट द्वारा मामले को 30 सितंबर को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किए जाने के बाद संबंधित विभागों ने आनन-फानन में पृथक आदेश जारी कर विज्ञापन की तालिका में संशोधन किया और 50 फीसदी आरक्षण का लाभ प्रदान कर दिया। 24 संविदा उपयंत्रियों की इस कानूनी पहल से न केवल याचिकाकर्ताओं को न्याय मिला है, बल्कि प्रदेश भर के उन तमाम संविदा कर्मियों के लिए भी रास्ते खुल गए हैं जो नीति के तहत पात्रता पूरी करते हैं।

मुख्य चुनाव आयुक्त और प्रधानमंत्री के पुतले जलाकर जताया विरोध

एसआईआर के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन, पुलिस ने वाटर कैनन चलाया

जबलपुर। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के विरोध में कांग्रेस ने बुधवार को जबलपुर में पैदल मार्च निकाला। विक्टोरिया टाउन हॉल से जिला निर्वाचन कार्यालय की ओर निकले मार्च में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए। प्रदर्शन के दौरान मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पुतले जलाए गए।

घंटाघर पहुंचने पर पुलिस ने बैरिकेडिंग कर मार्च को रोक दिया। आगे बढ़ने के प्रयास में कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच धक्का-मुक्की हुई, जिसके बाद पुलिस ने वाटर कैनन का इस्तेमाल किया।



प्रदर्शनकारियों ने एसआईआर और चुनाव प्रक्रिया से संबंधित अपनी आपत्तियां उठाईं। विधायक लखन घनघोरिया, पूर्व मंत्री तरुण भनोत, शहर अध्यक्ष सौरभ शर्मा और ग्रामीण अध्यक्ष संजय यादव सहित कांग्रेस नेताओं ने मतदाता अधिकारों से जुड़े मुद्दे उठाए। प्रदर्शन में विनय सक्सेना, पंकज पाण्डेय, अमरीष मिश्रा, दिनेश यादव, आयोध्या तिवारी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।



रेलवे अपर महाप्रबंधक सहित 72 रेलकर्मी सेवानिवृत्त

जबलपुर। पश्चिम मध्य रेल मुख्यालय में अपर महाप्रबंधक पी.के. खत्री एवं प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक एम.के. गुप्ता के सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह आयोजित किया गया। महाप्रबंधक, प्रधान मुख्य विभागाध्यक्ष एवं वरिष्ठ अधिकारियों ने दोनों अधिकारियों के सेवाकाल को स्मरण करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। इसके अलावा मुख्यालय के संजय गर्ग, अचलेश कुमार गर्ग एवं शिव कुमार वर्मा सहित जबलपुर, भोपाल, कोटा मंडलों और दोनों कारखानों के कुल 72 रेलकर्मी 30 सितंबर को सेवानिवृत्त हुए। इनमें जबलपुर मंडल के 17, भोपाल मंडल के 24, भोपाल कारखाने के 4, कोटा मंडल के 21 और कोटा कारखाने का एक कर्मचारी शामिल है। मुख्यालय में आशुतोष, प्रमुख मुख्य इंजीनियर, एस.डी. पाटीदार, प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी एवं अब्दुल मतीन, उप मुख्य वित्त सलाहकार ने सेवानिवृत्त रेलसेवकों को दस्तावेज प्रदान किए। समारोह में संजय कुमार सिन्हा सहित कार्मिक एवं लेखा विभाग के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। संचालन शैलेन्द्र सिंह गौर ने किया।

चाइल्ड हेल्पलाइन और पुलिस को दी सूचना, सीडब्ल्यूसी के जरिए शिक्षा व संरक्षण की उम्मीद

बेसहारा बच्चों ने सुनाई व्यथा, मोक्ष ने दिया सहारा

हरिभूमि, जबलपुर।

मेडिकल कैंपस परिसर में बेसहारा स्थिति में रह रहे तीन नाबालिग बच्चों की व्यथा सामने आने के बाद उन्हें फिलहाल मोक्ष आश्रम में सुरक्षित आश्रय दिया गया है। बच्चों की स्थिति की जानकारी मिलने पर मोक्ष संयोजक आशीष ठाकुर ने तत्काल पहल करते हुए उनके लिए कपड़े, भोजन और अन्य आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था कराई। मामले की सूचना चाइल्ड हेल्पलाइन और पुलिस को भी दी गई है। बताया गया कि तीनों बच्चे आर्थिक और पारिवारिक परिस्थितियों के कारण उचित देखभाल एवं शिक्षा से वंचित हो रहे थे। एक बच्ची की मां का निधन हो चुका है और पिता मजदूरी करते हैं, जबकि भाई-बहन की मां कई वर्ष पहले उन्हें छोड़कर चली गई थीं। उनके पिता भी मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करते हैं।

पुलिस ने दर्ज किए बयान- बच्चों की स्थिति की जानकारी मिलने पर गढ़ा पुलिस ने उनके बयान दर्ज किए। अब बाल संरक्षण



तंत्र के माध्यम से आगे की प्रक्रिया किए जाने की उम्मीद है। बाल कल्याण समिति (सीडब्ल्यूसी) के समक्ष आवश्यक प्रक्रिया पूरी होने के बाद बच्चों की परिस्थितियों के अनुरूप शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षित आश्रय और संरक्षण की व्यवस्था की जा सकती है।

किसी को डॉक्टर तो किसी को बनना है पुलिस अधिकारी- मोक्ष आश्रम में फिलहाल तीनों बच्चों को भोजन, कपड़े और रहने की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। बातचीत के दौरान बच्चों ने अपने भविष्य के सपने भी बताए। दो बच्चों ने डॉक्टर बनने की इच्छा जताई, जबकि एक बच्चा पुलिस अधिकारी बनना चाहता है। बच्चों की यह इच्छा उनके बेहतर भविष्य के लिए सुरक्षित वातावरण और शिक्षा की जरूरत को भी रेखांकित करती है।

सीडब्ल्यूसी की प्रक्रिया सुरक्षित भविष्य का अवसर- मोक्ष संयोजक आशीष ठाकुर ने कहा कि ऐसे बच्चों की पहचान कर उन्हें नियमानुसार संरक्षण और शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए सरकारी एवं सामाजिक संस्थाओं को मिलकर प्रयास करना चाहिए। उन्होंने उम्मीद जताई कि सीडब्ल्यूसी की प्रक्रिया के बाद बच्चों को सुरक्षित भविष्य के लिए उचित अवसर मिल सकेगा।

कार सहित शराब बनाने की भट्ठी व 800 लीटर लाहन नष्ट

अवैध शराब के कारोबार पर पुलिस की कार्रवाई

जबलपुर। अवैध शराब के कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पनागर और पाटन थाना पुलिस ने अलग-अलग कार्रवाई करते हुए 950 पाव देशी शराब और 60 लीटर कच्ची शराब जब्त की। पनागर पुलिस ने जंगल में दबिश देकर एक आरोपी को कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया, जबकि पाटन में लावारिस हालत में खड़ी कार से 950 पाव देशी शराब बरामद की गई। पुलिस ने शराब बनाने में इस्तेमाल भट्ठी और करीब 800 लीटर लाहन भी मौके पर नष्ट किया। पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय के निर्देश पर जिले में अवैध शराब और मादक पदार्थों के कारोबार में लिप्त लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अपराध जितेन्द्र सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सूर्यकांत शर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक अधारताल राजेश्वरी कौरव और अनुविभागीय पुलिस अधिकारी पाटन आशुतोष द्विवेदी के नेतृत्व में दोनों थाना क्षेत्रों में कार्रवाई की गई।

पाटन में कार से मिली 950 पाव शराब

पाटन पुलिस के अनुसार 30 सितंबर की रात हनुमान मंदिर के पास भीड़ जमा होने की सूचना पर पुलिस पहुंची। मौके पर मारुति जैन एस्टिलो क्रमांक एमपी 04 सीबी 0458 क्षतिग्रस्त हालत में डिवाइडर रोड पर खड़ी मिली। कार में चालक मौजूद नहीं था। पुलिस कार को टोचन कर थाने ले गई और तलाशी ली। कार की डिक्की में 19 कार्टून रखे मिले, जिनमें 50-50 पाव के हिसाब से कुल 950 पाव देशी शराब बरामद हुई। पुलिस ने शराब और कार जब्त कर अज्ञात चालक के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत प्रकरण दर्ज किया।

जंगल में भट्ठी लगाकर बना रहा था कच्ची शराब

इधर पनागर पुलिस को 29 सितंबर को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम ककरहाई के जंगल में नाले के पास कुछ लोग अवैध रूप से शराब बना रहे हैं। सूचना पर पुलिस टीम ने मौके पर दबिश दी। जंगल में एक व्यक्ति प्लास्टिक के डिब्बों के साथ मिला। घेराबंदी कर उसे पकड़ा गया। पूछताछ में उसने अपना नाम सूरज केवट निवासी ग्राम बिसेंधी बताया।पुलिस ने उसके कब्जे से चार डिब्बों में रखी करीब 60 लीटर कच्ची शराब बरामद की। मौके पर शराब बनाने की भट्ठी और करीब 800 लीटर लाहन भी मिला। पुलिस ने भट्ठी और लाहन को मौके पर नष्ट कर दिया तथा 60 लीटर कच्ची शराब जब्त कर आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत कार्रवाई की।

भारत-बांग्लादेश इयूबॉल सीरीज के खिलाड़ियों का सम्मान

जबलपुर। भारत-बांग्लादेश इयूबॉल सीरीज 2026 में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करने वाले मध्यप्रदेश के खिलाड़ियों के सम्मान में मध्यप्रदेश इयूबॉल एसोसिएशन ने समारोह आयोजित किया। कार्यक्रम में इयूबॉल के संस्थापक फिरोज खान, एसोसिएशन अध्यक्ष हर्षित सिंघई एवं सचिव रजनीश जैन सहित खेल जगत से जुड़े अतिथि मौजूद रहे। इस अवसर पर खिलाड़ियों को सम्मानित कर उनके प्रदर्शन की सराहना की गई तथा भविष्य में बेहतर उपलब्धियों के लिए प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में आशुतोष, मौलश्री दुबे, जसविंदर कौर, रंजीत कौर, राजिंदर कौर, शिशिर अग्रवाल, डॉ. अभिजीत परिहार, सिल्की सोनकर एवं सुशील जैन सहित खेलप्रेमी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

कलयुग के 'भगवान' पर मासूम को प्रताड़ित करने के आरोप

पीठ पर चोटों के निशान दिखाकर रोती रही बच्ची

मोहल्ले वालों ने बचाई जान



शहडोल। डॉक्टर को समाज में अक्सर 'धरती का भगवान' कहा जाता है, लेकिन शहडोल की आशीर्वाद कॉलोनी में सामने आया घटनाक्रम इस सम्मानित पेशे पर ही सवाल खड़े कर रहा है। जिला चिकित्सालय में पदस्थ डॉक्टर बी.आर.प्रजापति और उनकी पत्नी शांति प्रजापति पर महज 7-8 साल की मासूम को घर में कथित रूप से बंधक बनाकर रखने, घरेलू काम कराने और मारपीट करने के गंभीर आरोप लगे हैं। बच्ची मौका पाकर भागी तो मोहल्ले वालों ने उसे पनाह दी। बच्ची को जबरन वापस ले जाने का प्रयास हुआ तो लोगों ने पुलिस बुलाकर उसकी जान बचाई।

घर से भागी तो खुले कथित जुल्मों के राज











हाथ जोड़कर गिड़गिड़ाती रही मासूम

बुधवार शाम करीब 6 बजे आशीर्वाद कॉलोनी में अचानक हंगामा मच गया। लोगों ने देखा कि एक मासूम बच्ची को डॉक्टर की पत्नी कथित रूप से घसीटते हुए ले जाने का प्रयास कर रही थी। इसी दौरान डॉक्टर भी वहां पहुंच गए। बच्ची खुद को छुड़ाने के लिए हाथ जोड़ती रही और लोगों से उसे बचाने की गुहार लगाती रही। मामला देखकर मोहल्ले के लोग घरों से बाहर निकल आए। किसी ने वीडियो बनाया तो किसी ने पुलिस को सूचना दी। देखते ही देखते पूरा मोहल्ला घटनास्थल पर जमा हो गया। यही वह पल था, जब कथित तौर पर महीनों से बंद दीवारों के भीतर चल रही मासूम की पीड़ा पहली बार लोगों के सामने आई।

घर से भागी तो सामने आई प्रताडना की कहानी

बताया गया कि बच्ची मौका पाकर घर से निकल गई थी। उसने आसपास के कई घरों के दरवाजे खटखटाकर मदद मांगने की कोशिश की। बड़े मकानों और बंद दरवाजों के कारण उसे तत्काल मदद नहीं मिल सकी। आखिरकार वह एक ऐसे मकान में पहुंची, जहां किराएदार रहते हैं और दरवाजा खुला था। बच्ची कमरे में जाकर छिप गई। इसी बीच उसे तलाशते हुए डॉक्टर की पत्नी वहां पहुंच गई, लेकिन तब तक बच्ची अपनी आपबीती मोहल्ले के लोगों को बता चुकी थी। बच्ची के कथन ने लोगों को झकझोर दिया। इसके बाद मोहल्ले वालों ने बच्ची को अकेला नहीं छोड़ा और पुलिस को सूचना दी।

पीठ के निशान दिखाकर बोली— 'मुझे मारा जाता था'

मोहल्ले के लोगों के अनुसार, बच्ची ने बताया कि उसे करीब पांच-छह माह पहले उत्तर प्रदेश के बांदा जिले से यहां लाया गया था। उससे झाड़ू-पोछा और घर के दूसरे काम कराए जाते थे। डॉक्टर दंपति की बच्ची की देखभाल भी उससे कराई जाती थी। बच्ची ने कथित रूप से अपनी पीठ पर मौजूद निशान दिखाते हुए बताया कि उसके साथ मारपीट की जाती थी। उसने यह भी आरोप लगाया कि उसे गर्म चिमटे जैसी वस्तु से मारा गया। यदि मेडिकल जांच में इस तरह की चोटों की पुष्टि होती है तो यह महज डांट-फटकार का मामला नहीं, बल्कि एक मासूम पर हुई गंभीर शारीरिक प्रताडना का मामला होगा। बच्ची ने यह भी बताया कि उसे अक्सर घर से बाहर नहीं निकलने दिया जाता था। उसके कथन के अनुसार, वह मौका पाकर ही घर से भाग सकी। ऐसे में यह सवाल बेहद गंभीर है कि यदि बच्ची उस दिन घर से बाहर निकलकर लोगों तक नहीं पहुंचती तो वह कथित प्रताडना कितने समय तक सहती रहती?

'मदद नहीं मिलती तो क्या होता?'

इस पूरे घटनाक्रम का सबसे भयावह पहलू यही है कि बच्ची यदि उस दिन हिम्मत करके घर से नहीं भागती और मोहल्ले के किसी व्यक्ति के घर नहीं पहुंचती तो कथित प्रताडना का सिलसिला कब तक चलता, यह किसी को नहीं पता। जिस उम्र में बच्चों के हाथों में किताबें और खिलौने होने चाहिए, उस उम्र में एक बच्ची से घरेलू काम कराने और उसके साथ मारपीट के आरोप सामने आए हैं और जिस व्यक्ति को समाज 'धरती का भगवान' कहता है, उसके परिवार पर ही एक मासूम के साथ कथित क्रूरता के आरोप लगना बेहद शर्मनाक और चिंताजनक है। हालांकि आरोपों की पुष्टि पुलिस जांच, मेडिकल रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों के बाद ही होगी।

मोहल्ले वालों ने दिखाई इंसानियत

इस पूरे मामले में आशीर्वाद कॉलोनी के लोगों की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण रही। बच्ची को देखकर लोगों ने उसे चुप कराने या मामले को दबाने के बजाय उसकी बात सुनी, उसके शरीर पर मौजूद बताए जा रहे निशानों को देखा और तत्काल पुलिस को सूचना दी। यदि मोहल्ले के लोग उस समय सामने नहीं आते तो संभव है कि बच्ची को दोबारा उसी घर में ले जाया जाता और उसके साथ क्या होता, इसका अंदाजा लगाना भी मुश्किल है। लोगों की सजगता ने न केवल मामले को सामने ला दिया, बल्कि एक मासूम को संभावित खतरे से भी बाहर निकाला।

पुलिस ने शुरू की जांच

सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। महिला पुलिसकर्मियों ने बच्ची को अपने संरक्षण में लिया और थाने ले जाकर पूछताछ की। पुलिस ने बच्ची को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा है तथा उसके परिजनों से संपर्क करने का प्रयास किया जा रहा है। बाल संरक्षण से जुड़े अधिकारियों को भी सूचना दी गई है। अब जांच में यह सामने आना बाकी है कि बच्ची को बांदा से यहां किन परिस्थितियों में लाया गया, क्या उसके परिजनों की अनुमति थी, उसे घर में किस हैसियत से रखा गया और उसके साथ वास्तव में किस प्रकार का व्यवहार किया गया।

इनका कहना है...

बच्ची को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा गया है। उसके परिजनों से संपर्क किया जा रहा है और बाल संरक्षण अधिकारियों को भी सूचना दी गई है। मामले की जांच चल रही है, जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।
रावेन्द्र तिवारी, कोतवाली प्रभारी, शहडोल

ब्यौहारी में कार्य के दौरान मिट्टी में दबने से बीएसएनएल कर्मी की मृत्यु

शहडोल। जिले के ब्यौहारी तहसीलदार गैलेक्सी नागपुरे ने बताया है कि ब्यौहारी थाना क्षेत्र में 29 सितम्बर 2026 को कार्य के दौरान हुई दुर्घटना में बीएसएनएल कर्मी रामसेवक सोंधिया उम्र लगभग 50 वर्ष निवासी बोड़ाबाड़, रीवा की मृत्यु हो गई। मृतक लगभग 25 वर्षों से बीएसएनएल में कार्यरत थे तथा बीएसएनएल के कार्य के लिए रीवा से ब्यौहारी भेजे गए थे।उन्होंने बताया कि रामसेवक सोंधिया सहित कुल तीन व्यक्ति रात्रि लगभग 2 बजे ब्यौहारी पहुंचे थे। अस्पताल के सामने लगभग दो मीटर गहरी खुदाई कर भूमिगत प्रकाशीय तंतु केबल को जोडने का कार्य किया जा रहा था। इसी दौरान नाली की दीवार अचानक धसक गई, जिससे मिट्टी एवं मलबा रामसेवक सोंधिया के ऊपर गिर गया और वे उसमें दब गए। घटना के तत्काल बाद उन्हें उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी मृत्यु हो गई। परिवारजनों के अनुसार मृतक ने घटना वाले दिन रीवा में ड्यूटी की थी तथा इसके बाद उन्हें अचानक रात्रि में बीएसएनएल के कार्य के लिए ब्यौहारी भेजा गया था। बीएसएनएल द्वारा वाहन भेजकर परिजनों को मृतक के बीमार होने तथा ब्यौहारी में होने की सूचना दी गई। जानकारी के अनुसार भूमिगत प्रकाशीय तंतु केबल जोडने का कार्य ठेके के माध्यम से कराया जा रहा था। कार्य के ठेकेदार का नाम चतुर्वेदी बताया गया है, जो सतना निवासी बताए गए हैं।

बिजली चोरी पर विद्युत विभाग का शिकंजा

सतना। बिजली चोरी और अनधिकृत उपयोग पर अंकुश लगाने के लिए विद्युत विभाग ने सतना संभाग के विभिन्न क्षेत्रों में सघन चेकिंग अभियान चलाया है। कार्यपालन अभियंता के निर्देशन में शहर के अलग -अलग इलाकों में बिजली कनेक्शनों की जांच की गई,जिसमें विद्युत अधिनियम की धारा 135 और 126 के तहत कई स्थानों पर कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध रूप से बिजली उपयोग करने वाले कई मामले पकड़ में आए। विभाग ने स्पष्ट किया है कि बिजली चोरी और अनियमितताओं के खिलाफ यह सख्त अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा,ताकि विद्युत व्यवस्था को सुचारू और पारदर्शी बनाया जा सके।

सुनसान घरों में किया चोरी का प्रयास, कीमती सामान नहीं मिलने पर किया तोड़फोड़

नकाबपोश बदमाशों ने महेश्वर नगर में मचाया आतंक



हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनों चोरों का आतंक मचा हुआ है। कभी यह चोर मकान, दुकानों या सुनसान घरों को अपना निशाना बना रहे है। कुछ ऐसी ही घटना 28 सितंबर की रात वारासिवनी नगर के वॉर्ड नंबर 8 महेश्वर नगर में घटित हुई है। जहां कुछ नकाबपोश हथियारबंद बदमाशों ने कुछ सुनसान घरों में चोरी करने का प्रयास किया। मगर घर में कुछ कीमती सामान नहीं मिलने पर सामानों को बिखेरा व तोडफ़ोड़ कर वहां से रफूचक्कर हो गए। ये सारी घटना एक मकान में लगे सीसीटीवीटी कैमरे में कैद हो गई। घटना के बाद वहां निवासरत लोगों ने वारासिवनी थाने में पहुंचकर लिखित शिकायत दर्ज करवा दी है।

विदित हो कि इसी महेश्वर कालोनी में दो से तीन पुलिस वालों के परिवार भी निवास करते है। पिछले कुछ दिनों से हो रही लगातार घटनाओं के चलते कालोनी में निवासरत लोगों में भय बना हुआ है। यह सारी घटना वहां लगे मकानों के सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई।

सुबह उठा तो देखा मकान का टूटा हुआ था ताला-जे एस चौरे

महेश्वर नगर में निवासरत जे एस चौरे ने बताया कि 28 सितंबर की में रात्रि लगभग 3-4 घरों के ताले टूटे है। मेरे उस कालोनी में दो मकान है। एक मकान में मेरा परिवार निवास करता है। दूसरे मकान में कोई नहीं रहता है। मगर उस कमरे का ताला टूटा हुआ था। कोई समान नहीं रखा हैं, इसलिए कुछ चोरी नहीं हुई है। दूसरे दिन जब सुबह मै उठा, तो देखा कमरे का ताला टूटा हुआ था। फिर कालोनी में कुछ लोगों ने भी बताया कि अन्य लोगों के मकानों के ताले भी टूटे हुए हैं। शिक्षक लक्ष्मी चौधरी शासकीय शिक्षक है। जो बाहर पदस्थ है। उनके निवास में पूरा सामान बिखरा हुआ था। हालांकि उनके घर में कुछ चोरी नहीं हुआ है। मगर उनके घर में यह चोरी की तीसरी घटना है।

हथियारबंद बदमाशों को देखकर कॉलोनीवासियों में बना है डर-सिद्धांत ठाकुर

सिद्धांत ठाकुर ने बताया कि 28 सितंबर को निवासरत कालोनी के लोगों ने शोर मचाया कि चोरी हुई है। जिसके बाद मैने अपने घर में लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज देखा, तो उसमें 4-5 नकाबपोश बदमाश, जिनके हाथों में लठ, डंडे व लोहे के कुछ हथियार दिखाई दे रहे है। अन्य मकानों में लगे सीसीटीवी फुटेज भी देखे, तो सभी घरों में वे दिखाई दे रहे है। यह घटना पहली बार नहीं है। लगातार हो रही घटनाओं से कालोनी वासियों में डर बना हुआ है।



मैहर के जंगलों में आतंक मचाने वाला नर हाथी बाण सागर पार कर शहडोल रवाना

मैहर। ग्रामीण इलाकों में बीते कई दिनों से दहशत का पर्याय बना नर जंगली आखिरकार मैहर की सीमा से बाहर निकल गया है। मंगलवार शाम हाथी ने बाणसागर डैम के अथाह पानी में करीब 8 किलोमीटर की लंबी दूरी तैरकर तय की और उत्तर शहडोल के जंगलों में सुरक्षित प्रवेश किया। हाथी के जिले से बाहर जाने के बाद वन विभाग और स्थानीय ग्रामीणों ने बड़ी राहत की सांस ली है। इससे पहले यह हाथी अमरपाटन और रामनगर क्षेत्र में जमकर उत्पात मचा चुका था,जहां एक किसान की भी जान चली गई थी। वन विभाग की टीम लगातार उसकी हर गतिविधि पर नजर बनाए हुए है।

संजय गांधी अस्पताल और सिरमौर चौराहे से बाइक उड़ाने वाला आरोपी गिरफ्तार

दो मोटर साइकिलें बरामद, डेढ़ लाख का मशरूका जब्त

रीवा। शहर के संजय गांधी अस्पताल और सिरमौर चौराहे से मोटरसाइकिल चोरी करने के मामले में अमहिया पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर चोरी की दो मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। बरामद वाहनों की कुल कीमत करीब 1.50 लाख रुपए बताई गई है। आरोपी की पहचान उमेश पटेल पिता राजबहोर पटेल, निवासी सेमरिया, जिला रीवा के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार शहर में लगातार हो रही दोपहिया वाहन चोरी की घटनाओं को देखते हुए पुलिस अधीक्षक डॉ. गुरकरन सिंह के निर्देशन में वाहन चोरों की धरपकड़ के लिए अमहिया थाना प्रभारी मनोज कुमार गौतम के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित की गई थी,जांच के दौरान पुलिस को संजय गांधी अस्पताल परिसर और सिरमौर चौराहे से मोटरसाइकिल चोरी होने के मामलों में महत्वपूर्ण सुराग मिले। पुलिस टीम ने संदिग्धों की जानकारी जुटाते हुए आरोपी उमेश पटेल तक पहुंच बनाई। पूछताछ के बाद पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी की दो मोटरसाइकिलें बरामद कर लीं। बरामद वाहनों में विक्रांता मोटरसाइकिल की अनुमानित कीमत 90 हजार रुपए और स्प्लेंडर मोटरसाइकिल की कीमत करीब 60 हजार रुपए बताई गई है। दोनों वाहनों की कुल कीमत 1 लाख 50 हजार रुपए है। कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार गौतम, सहायक उपनिरीक्षक मनोज प्रजापति, प्रधान आरक्षक रामदेव मिश्रा, प्रधान आरक्षक केमला प्रसाद, आरक्षक विकास तिवारी, आरक्षक शंकरदत्त और योगेश सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



उड़ीसा जेल में रची थी फरारी की साजिश, प्रोडक्शन वारंट के जरिए रीवा लाने की खुद कराई थी तैयारी

छुहिया घाटी में पुलिस कस्टडी से छुड़ा ले गए साथी, रीवा-सीधी-मऊगंज की कई टीमें तलाश में जुटीं

रीवा। उड़ीसा पुलिस की अभिरक्षा से कुख्यात गांजा तस्कर आदित्य मिश्रा के फरार होने के मामले में जांच जैसे-जैसे आगे बढ़ रही है, वैसे-वैसे वारदात की पूरी प्लानिंग सामने आने लगी है। पुलिस जांच में प्रारंभिक तौर पर यह बात सामने आई है कि आदित्य ने अपने साथियों के साथ मिलकर उड़ीसा की जेल में ही पुलिस कस्टडी से भागने की साजिश तैयार की थी। इस साजिश को अंजाम तक पहुंचाने के लिए कथित पत्नी और उसके संपर्क में रहने वाले लोगों की मदद लिए जाने की बात भी जांच में सामने आई है। बताया जा रहा है कि आदित्य मिश्रा को उड़ीसा से रीवा न्यायालय लाने की प्रक्रिया की जानकारी पहले से थी। इसी बीच उसकी ओर से न्यायालय में प्रोडक्शन वारंट के लिए आवेदन लगाए जाने की बात सामने आई है। पुलिस अब इस आवेदन से लेकर उसे उड़ीसा से रीवा लाए जाने तक की पूरी कड़ी को खंगाल रही है। जांच का मुख्य बिंदु यही है कि आदित्य को रीवा लाए जाने की जानकारी उसके साथियों तक कैसे पहुंची और छूहीया घाटी में पुलिस वाहन की गतिविधि का पता बदमाशों को किस माध्यम से चला। पुलिस के अनुसार, उड़ीसा पुलिस आदित्य मिश्रा को लेकर रीवा न्यायालय की ओर आ रही थी। रीवा-सीधी सीमा पर स्थित छूही घाटी के पास पहुंचते ही बदमाशों ने पुलिस अभिरक्षा वाले वाहन को निशाना बनाया। आरोप है कि पहले से घात लगाए बदमाशों ने पुलिसकर्मियों को घेर लिया और आदित्य मिश्रा को अपने कब्जे से छुड़ाकर फरार हो गए।वारदात के दौरान बदमाशों की संख्या, इस्तेमाल किए गए वाहनों और उनकी भूमिका को लेकर पुलिस अलग-अलग बिंदुओं पर जांच कर रही है। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया और रीवा, सीधी सहित आसपास के जिलों की पुलिस को अलर्ट किया गया।

एक सप्ताह में दो मंदिरों में चोरी, चोरों ने दानपात्र और चांदी के आभूषण किए पार



हरिभूमि न्यूज ⏭ छपारा।

नगर व आसपास के क्षेत्र में मंदिरों की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े करते हुए एक सप्ताह में चोरी की दो वारदातें सामने आई हैं। 26 सितंबर को तकिया वार्ड स्थित सुभाष ग्राउंड के हनुमान मंदिर से चांदी की पादुका चोरी हुई थी। इसके तीन दिन बाद 29 सितंबर की रात ग्राम माल्हनवाड़ा स्थित बंजारी माता मंदिर को चोरों ने निशाना बनाया। मंगलवार सुबह करीब 6:30 बजे ग्रामीण मंदिर पहुंचे तो चोरी की जानकारी सामने आई। चोर दानपात्र में रखी करीब 30 हजार रुपए की नगदी और माता की प्रतिमा को पहनाई गई करीब 200 ग्राम वजनी चांदी की पायल चोरी कर ले गए। ग्रामीणों ने छपारा थाने और डायल-112 पर सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की। लगातार दूसरी मंदिर चोरी से क्षेत्र में नाराजगी है। ग्रामीणों ने पुलिस गश्त बढ़ाने और आरोपियों का जल्द पता लगाकर कार्रवाई करने की मांग की है।

मैहर में रात 11 बजे तक दुकानें बंद

मैहर। शहर की कानून-व्यवस्था को बेहतर और चुस्त-दुरस्त बनाए रखने के उद्देश्य से मैहर थाना के नवागत थाना प्रभारी अभिषेक सिंह परिहार पुलिस बल के साथ मंगलवार रात शहर के भ्रमण पर निकले। उन्होंने प्रमुख चौक-चौराहों,बाजार क्षेत्रों और रेलवे स्टेशन के आसपास की सुरक्षा व्यवस्था का बारीकी से जायजा लिया।भ्रमण के दौरान टीआई ने दुकानदारों और व्यापारियों से संवाद स्थापित कर रात 11 बजे तक अपनी दुकानें अनिवार्य रूप से बंद करने की समझाइश दी। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि तय समय के बाद अनावश्यक रूप से दुकानें खुली न रखी जाएं।

मां शारदा मंदिर मार्ग की सुरक्षा कड़ी: तेंदुए की आवाजाही पर 20 हाईटेक कैमरों से होगी निगरानी

मैहर। प्रसिद्ध मां शारदा मंदिर की पहाड़ी और आसपास के सीढ़ी मार्ग पर तेंदुए की लगातार आवाजाही को देखते हुए वन विभाग पूरी तरह सतर्क हो गया है। श्रद्धालुओं की पुख्ता सुरक्षा और तेंदुए की हर गतिविधि को ट्रैक करने के लिए मंदिर परिसर और संवेदनशील रास्तों पर कुल 20 हाईटेक नाइट विजन एवं ट्रैप कैमरे लगाए जा रहे हैं। मंगलवार शाम से ही कैमरों को स्थापित करने का कार्य शुरू कर दिया गया है,जिनमें से शुरुआती कैमरे लगाए जा चुके हैं। डीएफओ विद्या सरण मिश्रा और एसडीओ सिद्धार्थ दीपांकर सहित पूरा प्रशासनिक अमला पहाड़ी क्षेत्र का निरीक्षण कर रहा है। विभाग ने श्रद्धालुओं से भी पूरी तरह सतर्क रहने की अपील की है।



खबर संक्षेप



धरे गये दो बदमाश, चोरी के 4 सबमर्सिबल मोटर पंप बरामद

कटनी। बड़वारा थाना क्षेत्र के कांटी गांव में खेतों से लगातार मोटर पंप चोरी हो रहे थे। पुलिस ने मंगलवार को मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनकी निशानदेही पर 4 सबमर्सिबल मोटर पंप बरामद किए हैं। थाना प्रभारी सुयेश पांडे ने बताया कि 25 सितंबर की रात कांटी गांव के खेतों से पंप चोरी की शिकायत मिली थी। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 303(2) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर मुखबिरों से जानकारी जुटाई। सबूतों के आधार पर संदिग्धों की पहचान कर छापा मारा गया। पूछताछ में आरोपियों ने चोरी कबूल की। राजेंद्र उर्फ मंजल राठौर (36) और करन सिंह ठाकुर (32) को कानूनी कार्रवाई के बाद कोर्ट में पेश कर जेल भेजा गया। इस कार्रवाई से किसानों को राहत मिली है। कार्रवाई में थाना प्रभारी उप निरीक्षक सुयश पांडे, सउनि महेश प्रताप सिंह, प्रधान आरक्षक पवनराज, प्रधान आर नीलेश दुबे रक्षक गौरीशंकर आदि शामिल रहे।

बकाया कर जमा नहीं करने पर काटे नल कनेक्शन

कटनी। नगर पालिक निगम कटनी द्वारा जलकर के बकायेदार उपभोक्ताओं को जलकर राहत योजना का लाभ दिलाने के उद्देश्य से प्रयास किए जा रहे हैं। योजना के अंतर्गत बकाया जलकर की कुल राशि का 50 प्रतिशत एकमुश्त जमा करने पर शेष 50 प्रतिशत राशि की छूट प्रदान की जा रही है। योजना को नागरिकों का सकारात्मक प्रतिसाद मिल रहा है। बकायेदार उपभोक्ताओं को योजना से लाभान्वित करने के लिए निगम का वसूली अमला घर-घर संपर्क अभियान चलाया गया, इसके अतिरिक्त सुभाष चौक में आयोजित शिविर सहित निगम एवं जोन कार्यालय के माध्यम से उपभोक्ताओं को योजना की जानकारी देकर बकाया राशि जमा करने के लिए प्रेरित कर कुल 147 बकायेदार उपभोक्ताओं को योजना से लाभान्वित किया गया। लंबे समय से बकाया जलकर जमा नहीं करने वाले उपभोक्ताओं को राशि जमा करने के लिए सूचित किया जा रहा है। इसके बावजूद मंगलवार को बकाया राशि जमा नहीं करने वाले 23 बड़े बकायेदार उपभोक्ताओं के नल कनेक्शन विच्छेदन की कार्रवाई भी की गई।

करंट लगने से मौत

कटनी। बड़वारा थाना क्षेत्र के ग्राम अतरिया में बिजली का करंट लगने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान अतरिया निवासी राजीव लोचन मिश्रा 48 वर्ष के रूप में हुई है। यह हादसा 30 सितंबर की दोपहर लगभग 2:00 बजे मृतक के घर के पीछे स्थित खेत में मोटर पंप के पास हुआ। सूचना मिलने पर पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है।

पोषण, शिक्षा और सम्मान के केंद्र बिंदु बने आंगनवाड़ी

कटनी। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत कलेक्टर आशीष तिवारी के नेतृत्व में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इन गतिविधियों का उद्देश्य है कि ज़लिं के आंगनवाड़ी केंद्र पोषण, शिक्षा और सम्मान के सशक्त केंद्र बनें। परियोजना कटनी शहरी में राम कृष्ण परमहंस वार्ड स्थित सामुदायिक भवन में आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम अंतर्गत संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में श्रीमती सपना सरावगी, श्रीमती अनुपमा आटे, परियोजना अधिकारी, विभागीय कर्मचारियों एवं स्थानीय जन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, मुख्यमंत्री लाडली लक्ष्मी योजना एवं मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना के हितग्राहियों से संवाद किया गया।महिलाओं द्वारा विभागीय योजनाओं के माध्यम से आर्थिक आत्मनिर्भरता एवं उनके जीवन में आये सकारात्मक परिवर्तन के अनुभव साझा किये गये।

कलेक्टर के निर्देश पर औषधि प्रशासन विभाग ने मेडिकल स्टोर्स के विरुद्ध की कार्रवाई

आधा दर्जन मेडिकल स्टोर्स में मिली कमियां व अनियमितताएं, संचालकों को थमाया नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



जिले में मेडिकल स्टोर्स द्वारा औषधियों के विक्रय, भंडारण एवं वितरण में निर्धारित नियमों का पालन सुनिश्चित करने, मेडिकल स्टोर्स का नियमित निष्पक्ष व जाँच करने के कलेक्टर आशीष तिवारी द्वारा दिए गए निर्देश के पालन में औषधि प्रशासन विभाग ने सख्ती बढ़ा दी है। इसी क्रम में विभागीय टीम द्वारा विभिन्न मेडिकल स्टोर्स का निरीक्षण कर औषधियों के विक्रय अभिलेख, भंडारण व्यवस्था, रख-रखाव एवं साफ-सफाई सहित आवश्यक वैधानिक दस्तावेजों की जांच की गई। निरीक्षण के दौरान कई प्रतिष्ठानों में विभिन्न कमियां एवं अनियमितताएं सामने आने पर संबंधित संचालकों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किए गए हैं।

इन मेडिकल स्टोर्स में कार्रवाई

औषधि प्रशासन विभाग के निरीक्षण में जिन मेडिकल स्टोर्स में नियमों के तहत कमिया मिली उनमें बसंत मेडिकल एजेंसी हीरागंज, लकी फार्मा हीरागंज, भभूती मेडिकल स्टोर्स माधवनगर, मोहित फार्मानिक माधवनगर तथा श्री जय मेडिकल स्टोर्स माधवनगर शामिल है।

दुरुपयोग की संभावना वाली औषधियों के विक्रय अभिलेखों में मिली अनियमितताएं

निरीक्षण के दौरान विशेष रूप से ऐसी औषधियों के विक्रय अभिलेखों की जांच की गई, जिनका नशीले पदार्थ के रूप में दुरुपयोग किए जाने की संभावना रहती है। जांच में कुछ प्रतिष्ठानों के विक्रय अभिलेखों में अनियमितताएं पाई गईं। इसके अलावा कुछ मेडिकल स्टोर्स में साफ-सफाई का उचित स्तर नहीं पाया गया तथा औषधियों का रख-रखाव एवं भंडारण निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं मिला।

एमटीपी किट्स एवं सिडूयल एचएच-1 औषधियों की हुई जांच

निरीक्षण के दौरान एमटीपी किट्स तथा सिडूयल एच एवं सिडूयल एच-1 के अंतर्गत आने वाली औषधियों के विक्रय, अभिलेख संधारण एवं भंडारण व्यवस्था की भी जांच की गई। विभाग द्वारा स्पष्ट किया गया कि ऐसी औषधियों के विक्रय एवं अभिलेखों के संधारण में निर्धारित वैधानिक प्रावधानों का पालन किया जाना आवश्यक है।

कारण बताओ नोटिस जारी

निरीक्षण में पाई गई कमियों एवं अनियमितताओं के संबंध में संबंधित मेडिकल स्टोर्स को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किए गए हैं। संबंधित संचालकों को निर्धारित समयावधि में अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। प्राप्त स्पष्टीकरण एवं निरीक्षण के दौरान पाई गई कमियों के आधार पर औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम, 1940 एवं उसके अंतर्गत बनाए गए नियमों तथा अन्य लागू वैधानिक प्रावधानों के अनुसार अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

औषधि प्रशासन विभाग ने जिले के सभी औषधि विक्रेताओं को निर्देशित किया है कि वे औषधियों का विक्रय एवं भंडारण निर्धारित नियमों के अनुरूप ही करें। विशेष रूप से दुरुपयोग की संभावना वाली औषधियों, एमटीपी किट्स तथा सिडूयल एच एवं सिडूयल एच-1 औषधियों के विक्रय एवं संबंधित अभिलेखों का उचित संधारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

धोखाधड़ी एवं ठगी के 5 मामलों में लाखों रूपये की लगाई चपत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



जिले में आनलॉइन ठगी एवं साइबर धोखाधड़ी की घटनाएं कुछ दिनों से अधिक हो रही है। आये दिन शातिर जालसाज किसी न किसी को आर्थिक चपत लगा रहे हैं। जिले के कोतवाली, माधवनगर, कैमोर और बरही थाना क्षेत्रों में साइबर फ्रॉड और धोखाधड़ी के 5 अलग-अलग मामले दर्ज किए गए हैं।

माधवनगर थाना क्षेत्र के हरदुआ पहाड़ी (निवार) निवासी लालबहादुर सिंह कुशवाहा 47 वर्ष के साथ लाखों रुपये की साइबर धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। 11 सितंबर की सुबह लगभग 11:00 बजे अज्ञात ठग ने प्रार्थी के बैंक खाते में सेंध लगाकर कुल 2,46,000 रुपये की राशि अवैध रूप से निकाल ली। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया है। इसी तरह कैमोर के वार्ड नंबर 14 अमरैयापार निवासी रफीक खान 50 वर्ष साइबर अपराध का शिकार बन गए। 5 सितंबर की शाम 7:00 बजे अज्ञात साइबर ठग ने धोखाधड़ी कर पीड़ित के बैंक खाते से 93,591 रुपये निकाल लिए। शिकायत के आधार पर कैमोर थाना पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया गया। बरही थाना क्षेत्र के ग्राम बरन महगवां निवासी दीपक पूरी गोस्वामी 47 वर्ष को अज्ञात ठग ने अपना शिकार बनाया। 19 अगस्त 2026 की दोपहर 3:42 बजे अज्ञात व्यक्ति द्वारा झांसा देकर और साइबर माध्यमों का दुरुपयोग कर पीड़ित के खाते से 61,900 रुपये उड़ा लिए गए। शिकायत पर एफआईआर दर्ज की गई है। कैमोर थाना क्षेत्र में 19 सितंबर की सुबह 9:40 बजे वार्ड नंबर 7 विश्वकर्मा मोहल्ला निवासी राजेश सोनी 63 वर्ष)एसबीआई एटीएम से पैसे निकालने गए थे। वहां मौजूद अज्ञात शातिर ने मदद के बहाने छल से उनका एटीएम कार्ड बदल लिया और खाते से 40,000 रुपये निकाल लिए। थाना कैमोर में अपराध दर्ज कर जांच जारी है। कोतवाली थाना क्षेत्र में 14 अगस्त 2026 को झूलेलाल मंदिर के पास कन्हैयालाल मंगलानी 51 वर्ष के साथ भी 40,000 रुपये की धोखाधड़ी का मामला सामने आया, जिस पर थाना कोतवाली में अपराध दर्ज किया गया है।

सफाई मित्रों की सुरक्षा एवं सम्मान को दी गई प्राथमिकता

महापौर ने सुरक्षा किट वितरित कर सुरक्षित कार्यप्रणाली एवं स्वास्थ्य के प्रति किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत नगर पालिक निगम द्वारा नगर निगम परिसर स्थित एमआईसी हॉल में बुधवार को सफाई मित्र सुरक्षा एवं सम्मान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य सफाई मित्रों को कार्य के दौरान आवश्यक सुरक्षा उपायों एवं स्वास्थ्य संबंधी सावधानियों के प्रति जागरूक करने के साथ उनके योगदान के लिए सम्मानित एवं उत्साहित करना रहा।

कार्यक्रम में महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी एवं निगम अध्यक्ष मनीष पाठक द्वारा सफाई मित्रों को सुरक्षा किट का वितरण किया गया। इस दौरान सफाई मित्रों को कार्यस्थल पर सुरक्षा उपकरणों का नियमित एवं उचित उपयोग करने तथा सुरक्षित कार्यप्रणाली अपनाने की सलाह दी गई। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि नगर की स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने में सफाई मित्रों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है, इसलिए उनकी सुरक्षा एवं स्वास्थ्य का ध्यान रखना भी निगम की प्राथमिक जिम्मेदारी है।

शिविर के दौरान सफाई मित्रों को कार्य के दौरान बरती जाने वाली आवश्यक सावधानियों, सुरक्षा उपकरणों के सही उपयोग, सुरक्षित तरीके से कार्य करने तथा स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। उन्हें प्रेरित किया गया कि वे निर्धारित सुरक्षा सामग्री का उपयोग करते हुए सावधानीपूर्वक अपने दायित्वों का निर्वहन करें।

सम्मान का भी संदेश

कार्यक्रम में सफाई मित्रों द्वारा नगर को स्वच्छ एवं व्यवस्थित बनाए रखने के लिए किए जा रहे निरंतर प्रयासों की सराहना की गई। उनके योगदान को रेखांकित करते हुए सम्मान एवं उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से यह संदेश भी दिया गया कि स्वच्छ शहर के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले सफाई मित्रों की सुरक्षा, स्वास्थ्य और सम्मान को समान रूप से प्राथमिकता दी जा रही है।

कार्यक्रम में मेयर-इन-काउंसिल सदस्य सुभाष साहू, डॉ. रमेश सोनी, उमेंद्र अहिरवार, श्रीमती बीना बैनर्जी, पार्षद शशिकांत तिवारी, गोविंद चावला, श्रीमती शकुंतला सोनी एल्डरमैन नरेश अग्रवाल, समाजसेवी अज्जू सोनी स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी एवं नोडल अधिकारी आदेश जैन सहित निगम के अधिकारीगण मौजूद रहे।

घर घर जाकर नागरिकों को किया जा रहा जागरूक



नगर को स्वच्छ, सुंदर एवं व्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से नगर पालिक निगम कटनी द्वारा संचालित सेवा संकल्प अभियान के तहत नागरिकों को कचरा पृथक्करण के प्रति जागरूक करने का अभियान जारी है। नगर निगम द्वारा नगर के विभिन्न क्षेत्रों में घर-घर एवं संस्थानों तक पहुंचकर नागरिकों को कचरे के उचित प्रबंधन तथा स्रोत स्तर पर ही कचरा अलग-अलग रखने की जानकारी प्रदान की गई। अभियान के अंतर्गत कुल 160 घरों एवं संस्थानों को सेग्रीगेशन के लिए समझाइश दी गई। अभियान के दौरान क्षेत्र क्रमांक 01 में 25, क्षेत्र क्रमांक 03 में 15, क्षेत्र क्रमांक 04 में 25, क्षेत्र क्रमांक 06 में 50 तथा क्षेत्र क्रमांक 07 में 45 घरों एवं संस्थानों तक पहुंचकर नागरिकों को कचरा पृथक्करण के महत्व से अवगत कराया गया। इस दौरान लोगों को गीले एवं सूखे कचरे को अलग-अलग रखने तथा निर्धारित कचरा संग्रहण व्यवस्था का पालन करने के लिए प्रेरित किया गया।

ग्राम पंचायतों के कार्यों का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



जिला पंचायत सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर के निर्देश पर जिला पंचायत के योजना प्रभारी अधिकारियों द्वारा ग्राम पंचायतों में संचालित योजनाओं एवं निर्माण कार्यों की मैदानी स्थिति का सतत निरीक्षण किया जा रहा है। VB-G RAM G योजना के परियोजना अधिकारी ऋषि राज चढ़ार ने विकासखंड बड़वारा की ग्राम पंचायत निगहरा, बरछेका, बनहरा एवं अमाड़ी का भ्रमण कर योजना के अंतर्गत कराए जा रहे कार्यों का स्थल निरीक्षण किया। भ्रमण के दौरान परियोजना अधिकारी श्री चढ़ार ने निर्माण कार्यों में कार्यरत ग्रामीण श्रमिकों से प्रत्यक्ष संवाद कर मजदूरी भुगतान एवं कार्य की स्थिति की जानकारी ली।

श्रमिकों ने बताया कि VB-G RAM G योजना के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों में उन्हें 300 रुपये प्रतिदिन की मजदूरी प्राप्त हो रही है। अधिकारियों द्वारा श्रमिकों से कार्यस्थल पर उपलब्ध सुविधाओं एवं उपस्थिति दर्ज किए जाने की प्रक्रिया के संबंध में भी जानकारी ली गई। निरीक्षण के दौरान मेट सुश्री सुलोचना ने NMMS के माध्यम से श्रमिकों की उपस्थिति दर्ज करने में लगने वाले समय के संबंध में अपनी बात रखी। उन्होंने बताया कि सुबह एवं शाम दोनों समय कार्य करने वाले श्रमिकों की उपस्थिति दर्ज की जा रही है। अधिकारियों ने कार्यस्थल पर श्रमिकों की उपस्थिति एवं योजना के निर्धारित प्रावधानों के अनुरूप कार्य संचालन की जानकारी भी प्राप्त की।

जिला पंचायत सीईओ के निर्देशानुसार अधिकारियों द्वारा किए जा रहे इस तरह के क्षेत्रीय भ्रमण का उद्देश्य योजनाओं के क्रियान्वयन की वास्तविक स्थिति का जायजा लेना, श्रमिकों की समस्याओं को समझना तथा कार्यों की गुणवत्ता एवं प्रगति की निगरानी सुनिश्चित करना है।

कामकाजी अभिभावकों को मिलेगी राहत, खेल खेल में सीखेंगे बच्चे

पालन घर का शुभारंभ, 2 से 6 वर्ष तक के बच्चों के सर्वांगीण विकास की होगी व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



कामकाजी अभिभावकों की सुविधा और उनके नन्हे बच्चों की बेहतर देखभाल की दिशा में नगर पालिक निगम कटनी द्वारा एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए टी.सी. बाजार स्कूल परिसर में 'पालन घर' का शुभारंभ किया गया। महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने मंगलवार को विधिवत शुभारंभ कर इस सुविधा का लोकार्पण किया। महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने इस पहल के माध्यम से बच्चों के सुरक्षित एवं उज्ज्वल भविष्य की दिशा में किए जा रहे प्रयासों को महत्वपूर्ण बताया।

पालन घर में 2 से 6 वर्ष तक के बच्चों के लिए सुरक्षित, स्वच्छ एवं आनंदमय वातावरण उपलब्ध कराया जाएगा। यहां बच्चों की उम्र और रुचि के अनुरूप खेल सामग्री, शैक्षणिक गतिविधियों तथा रचनात्मक कार्यक्रमों के माध्यम से उनके सर्वांगीण विकास पर ध्यान दिया जाएगा। बच्चों को पौष्टिक आहार, उचित देखभाल और प्रशिक्षित स्टाफ की निगरानी में रहने की सुविधा भी मिलेगी। इसके साथ ही बच्चों के मानसिक, शारीरिक, सामाजिक एवं भावनात्मक विकास को प्रोत्साहित करने वाली गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

पालन घर की शुरुआत से उन अभिभावकों को विशेष राहत मिलेगी, जिन्हें कामकाज के दौरान अपने छोटे बच्चों की देखभाल को लेकर चिंता रहती है। अब वे अपने बच्चों को सुरक्षित एवं व्यवस्थित वातावरण में छोड़कर निश्चिंत होकर अपने कार्यों पर ध्यान केंद्रित कर सकेंगे। यह पहल बच्चों की देखभाल के साथ-साथ अभिभावकों को गुणवत्तापूर्ण सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में निगम प्रशासन का सार्थक प्रयास है।

निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार की पहल पर शुरू की गई इस सुविधा का उद्देश्य बच्चों को प्रारंभिक अवस्था से ही सीखने, खेलने और अपनी प्रतिभा विकसित करने के अनुकूल वातावरण प्रदान करना है। पालन घर में बच्चों को स्नेहपूर्ण देखभाल के साथ ऐसी गतिविधियों से जोड़ा जाएगा, जो उनके व्यक्तित्व विकास की मजबूत नींव तैयार करने में सहायक होंगी।

इस अवसर पर उपायुक्त प्रियंका झरिया,एमआईसी सदस्य सुरेंद्र गुप्ता, पार्षद वंदना यादव,एल्डरमैन नरेश अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

कई स्कूलों में जागरूकता एवं रचनात्मक गतिविधियां आयोजित

'कबाड़ से जुगाड़' ने विद्यार्थियों को सिखाया अनुपयोगी वस्तुओं का उपयोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



स्वच्छ एवं सुंदर शहर का निर्माण केवल सफाई व्यवस्था तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके लिए प्रत्येक नागरिक में स्वच्छता के प्रति जागरूकता और जिम्मेदारी का भाव विकसित करना भी आवश्यक है। इसी उद्देश्य से स्वच्छता ही सेवा अभियान एवं सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत नगर पालिक निगम कटनी की सहयोगी संस्था द्वारा शहर के विभिन्न विद्यालयों में स्वच्छता जागरूकता से जुड़ी गतिविधियों का आयोजन किया गया। इन गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों को स्वच्छता के महत्व के साथ ही उन्हें पर्यावरण संरक्षण, कचरे के उचित प्रबंधन और जनभागीदारी की भूमिका के प्रति जागरूक किया गया।

विद्यालयों में आयोजित इन कार्यक्रमों में कहीं चार बिन के माध्यम से कचरे को अलग-अलग रखने की जानकारी दी गई, तो कहीं चित्रकला प्रतियोगिता एवं कबाड़ से जुगाड़ जैसी रचनात्मक गतिविधियों के जरिए विद्यार्थियों को स्वच्छता का व्यावहारिक संदेश दिया गया। बच्चों को यह समझाने का प्रयास किया गया कि स्वच्छता केवल सफाईकर्मियों की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक व्यक्ति की दैनिक आदतों और सामूहिक सहभागिता से जुड़ा महत्वपूर्ण दायित्व है।

वार्ड क्रमांक 25 स्थित साधु राम स्कूल तथा कनकने स्कूल में स्वच्छता से समृद्धि गतिविधि के अंतर्गत विद्यार्थियों को कचरे के वैज्ञानिक प्रबंधन एवं पृथक्करण की जानकारी दी गई। इस दौरान चार बिन प्रणाली के माध्यम से गीले, सूखे, सैनिटरी एवं विशेष देखभाल वाले कचरे को अलग-अलग रखने की प्रक्रिया समझाई गई। विद्यार्थियों को बताया गया कि घरों एवं विद्यालयों में ही कचरे का सही पृथक्करण करने से उसके संग्रहण, प्रसंस्करण एवं उचित निपटान में सुविधा होती है।

चित्रों में उकेरे स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के संदेश

स्वच्छता सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 26 स्थित पूरवार स्कूल में विद्यार्थियों के लिए चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपनी कल्पनाशीलता एवं रचनात्मकता के माध्यम से स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छ शहर की परिकल्पना को चित्रों में उकेरा। रंगों और कल्पनाओं के जरिए प्रस्तुत किए गए संदेशों ने बच्चों को स्वच्छता के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझने और उसे व्यवहार में अपनाने के लिए प्रेरित किया। इस गतिविधि के माध्यम से विद्यार्थियों को स्वच्छता जैसे महत्वपूर्ण विषय से रचनात्मक तरीके से जोड़ने का प्रयास किया गया। अभियान के तहत वार्ड क्रमांक 4 स्थित जैन नर्सरी इंग्लिश मीडियम स्कूल में स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत जागरूकता गतिविधि के साथ 'कबाड़ से जुगाड़' कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें विद्यार्थियों को अनुपयोगी सामग्री से उपयोगी एवं आकर्षक वस्तुएं तैयार करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। गतिविधि के माध्यम से बच्चों को यह संदेश दिया गया कि कई ऐसी वस्तुएं जिन्हें हम बेकार समझकर फेंक देते हैं, उनका रचनात्मक उपयोग कर दोबारा काम में लाया जा सकता है।

गोंड आदिवासी परिवारों को वन अधिकार पट्टा दिलाने की पहल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

विकासखंड ढीमरखेड़ा क्षेत्र के सैकड़ों गोंड आदिवासी परिवारों के पात्र व्यक्तियों को वन अधिकार पट्टा दिलाए जाने की मांग को लेकर जिला पंचायत के वरिष्ठ सदस्य एवं मध्यप्रदेश जिला पंचायत सदस्य संघ के प्रदेश अध्यक्ष अजय गोटिया ने कलेक्टर आशीष तिवारी से भेंट की। उन्होंने क्षेत्र की वस्तुस्थिति से कलेक्टर को अवगत कराते हुए पात्र हितग्राहियों को वन अधिकार अधिनियम के तहत उनके अधिकारों का लाभ दिलाने के संबंध में विस्तार से चर्चा की।

पात्र आवेदनों पर शीघ्र होगी विधि-संगत कार्रवाई

श्री गोटिया ने बताया कि ढीमरखेड़ा विकासखंड के विभिन्न क्षेत्रों में बड़ी संख्या में गोंड आदिवासी परिवार लंबे समय से वन अधिकार पट्टा प्राप्त करने की प्रक्रिया से जुड़े हुए हैं।

उन्होंने पुनः भौतिक सत्यापन एवं परीक्षण कराया जाकर पात्र परिवारों के आवेदनों के निराकरण तथा नियमानुसार वन अधिकार पट्टा दिलाए जाने की आवश्यकता पर कलेक्टर का ध्यान आकर्षित किया।

कलेक्टर आशीष तिवारी ने प्रकरणों की जानकारी प्राप्त करते हुए आश्वस्त किया कि प्राप्त आवेदनों की नियमानुसार जांच एवं परीक्षण कर यथाशीघ्र विधि-संगत कार्यवाही की जाएगी।

उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को भी प्रकरणों में आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

इस दौरान जनजातीय कार्य विभाग के जिला संयोजक विमल चौरसिया भी उपस्थित रहे।

निर्माण कार्यों की नियमित निगरानी करें समय पर पूरे हों कार्य : कलेक्टर

नगरीय निकायों में संचालित विकास कार्यों की समीक्षा



जबलपुर। जिले के नगरीय निकायों में संचालित विकास कार्यों को समय-सीमा में पूरा करने के निर्देश कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने नगर निगम जबलपुर, नगर पालिका सिहोरा एवं पनागर तथा जिले की नगर परिषदों के अधिकारियों को दिये हैं। उन्होंने निर्माण कार्यों की नियमित निगरानी करने तथा गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने की हिदायत भी इन अधिकारियों को दी है। कलेक्टर श्री सिंह बुधवार को जिले के सभी नगरीय निकायों में चल रहे निर्माण एवं विकास कार्यों की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में संपन्न हुई इस बैठक में अपर कलेक्टर रविशंकर राय, कार्यपालन यंत्री नगर निगम कमलेश श्रीवास्तव, जिला शहरी विकास अभिकरण के परियोजना अधिकारी तथा सभी नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारी भी मौजूद थे।

कलेक्टर श्री सिंह ने अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत जिले के शहरी क्षेत्रों में संचालित परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए प्रगतिरत कार्यों को तेजी से पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने हरित क्षेत्र के अंतर्गत निर्मित पार्कों के रखरखाव और शेष कार्यों को समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। जल संरचनाओं के जीर्णोद्धार कार्यों की समीक्षा करते हुये उन्होंने कहा कि तालाबों के मूल स्वरूप को सुरक्षित रखते हुए जीर्णोद्धार एवं विकास के कार्य किए जाएं। बैठक में जल प्रदाय योजनाओं की समीक्षा के दौरान कलेक्टर श्री सिंह ने पाइपलाइन बिछाने के कार्यों को तेजी से पूरा करने की हिदायत दी । उन्होंने कहा कि मुख्य मार्गों पर आवश्यकतानुसार रात के समय पाइपलाइन बिछाने का कार्य किया जाए, ताकि आवागमन प्रभावित न हो। पाइपलाइन बिछाने के लिए की गई खुदाई के बाद सड़क का व्यवस्थित रेस्टोरेशन सुनिश्चित करने के निर्देश भी कलेक्टर श्री सिंह ने दिये। शहपुरा-भिटौनी जल प्रदाय योजना तथा बरेला-नर्मदा नदी जल प्रदाय योजना की प्रगति की जानकारी भी बैठक में ली गई। कलेक्टर श्री सिंह ने प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत निर्माणाधीन आवासों की नियमित निगरानी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन हितग्राहियों को आवास निर्माण के लिए राशि प्राप्त हो चुकी है, उनके निर्माण कार्य की लगातार मॉनिटरिंग की जाए। राशि प्राप्त करने के बाद भी आवास निर्माण नहीं करने वाले हितग्राहियों के विरुद्ध नियमानुसार आरआरसी जारी कर रिकवरी की कार्रवाई की जाए। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना के प्रथम एवं द्वितीय चरण के अंतर्गत आवास निर्माण और आवेदनों के सत्यापन की स्थिति का ब्यौरा कलेक्टर ने लिया।

23 साल पहले मिली कैबिनेट मंजूरी, अब भी अधूरा सिहोरा जिला का सपना

सिहोरा।

सिहोरा को जिला बनाने का सपना 23 वर्ष बाद भी पूरा नहीं हो सका है।

आंदोलन समिति के अनुसार 1 अक्टूबर 2003 को मध्यप्रदेश सरकार की कैबिनेट ने सिहोरा, मझौली, बहोरीबंद और ढीमरखेड़ा को मिलाकर जिला बनाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी थी। इससे पहले 11 जुलाई 2003 को इसका प्रस्ताव राजपत्र में सामने आया था। समिति के अनुसार उस समय प्रदेश में 48 जिले थे, जो अब 55 हो चुके हैं। कैबिनेट मंजूरी के बाद कई नए जिले अस्तित्व में आए, लेकिन सिहोरा को अब तक जिले का दर्जा नहीं मिला। मांग को लेकर समय-समय पर धरना, प्रदर्शन, ज्ञापन और जनसंपर्क अभियान चलाए गए हैं। समिति पिछले करीब पांच वर्षों से लगातार आंदोलन कर रही है। आंदोलनकारियों के अनुसार मुख्यमंत्री से दो बार वार्ता भी हो चुकी है। समिति ने सवाल उठाया कि यदि 2003 का प्रस्ताव सही था तो 23 वर्षों में उसे लागू क्यों नहीं किया गया? वहीं यदि प्रस्ताव में कोई कमी थी तो उसे वापस क्यों नहीं लिया गया। लोगों का कहना है कि अब सरकार को इस मांग पर स्पष्ट निर्णय लेना चाहिए।

काव्य गोष्ठी में 'पुष्पवाटिका' की समीक्षा



सिहोरा। साहित्यिक संस्था अभिव्यक्ति सिहोरा के तत्वावधान में सरस काव्य गोष्ठी एवं वरिष्ठ कवि विजय बागरी 'विजय' की काव्य कृति 'पुष्पवाटिका' खंड-काव्य की समीक्षा का आयोजन हुआ। अध्यक्षता वरिष्ठ कवि अश्वनी कुमार पाठक ने की। मुख्य अतिथि हास्य कवि शरद जायसवाल और विशिष्ट अतिथि गुरुदयाल कनौजिया रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ चंद्रकिशोर श्रीवास्तव 'चंदन' ने मां सरस्वती की वंदना से किया। अध्यक्ष अश्वनी कुमार पाठक ने 'पुष्पवाटिका' की समीक्षा करते हुए कृति के कथ्य, भाव-पक्ष, भाषा-शैली, छंद-विधान और काव्यगत विशेषताओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने कृति को समकालीन हिंदी काव्य जगत की उल्लेखनीय रचना बताया। इसके बाद कृतिकार विजय बागरी ने कृति के चुनिंदा छंदों का वाचन किया। गोष्ठी में डॉ. अरुणा पाण्डेय, आशा अवस्थी, आशा निर्मल जैन, लक्ष्मीनारायण पटेल, मुकेश त्रिपाठी, डॉ. श्रीकृष्ण तिवारी, सुशील शर्मा एवं नारायण तिवारी ने रचनाएं प्रस्तुत कीं। अखिलेश दुबे सहित अनेक साहित्यप्रेमी मौजूद रहे।

जल संरक्षण का संदेश लेकर मझौली पहुंची जल नल बाइक यात्रा

मझौली। जल संरक्षण एवं जल स्रोतों की सुरक्षा का संदेश लेकर बड़नगर से बनारस तक निकाली जा रही सेवा संकल्प अभियान की जल नल बाइक यात्रा बुधवार को मझौली पहुंची। इस दौरान अभियान कार्यकर्ताओं ने विभिन्न सामाजिक गतिविधियां आयोजित कीं। कार्यक्रम में मिसा बंदी एवं सफाई मित्रों का सम्मान किया गया। वहीं वार्ड क्रमांक 13 स्थित बावड़ी (बहर) की सफाई कर जल स्रोतों के संरक्षण और स्वच्छता का संदेश दिया गया। कार्यकर्ताओं ने लोगों से जल स्रोतों को स्वच्छ रखने तथा जल संरक्षण के प्रति जागरूक रहने की अपील की। कार्यक्रम में विधायक अजय विश्नोई, मुकेश सेन, राजेंद्र चौरसिया, दिनेश चौरसिया, शिप्रा राजेंद्र चौरसिया, विजय साहू, गंगाराम कोष्टा, मो. शकील एवं प्रताप साहू सहित भाजपा कार्यकर्ता और नगर के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। वक्ताओं ने कहा कि पारंपरिक जल स्रोतों की सफाई और संरक्षण भविष्य के लिए आवश्यक है।

मझौली महाविद्यालय में कैंसर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



मझौली। शासकीय महाविद्यालय मझौली में कैंसर के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। बीएमओ मुकेश सोनी एवं उनकी टीम ने विद्यार्थियों को कैंसर के कारणों, प्रमुख लक्षणों, बचाव के उपायों तथा समय पर जांच और उपचार के महत्व की जानकारी दी। विशेषज्ञों ने कैंसर से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करते हुए स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, तंबाकू एवं अन्य हानिकारक पदार्थों से दूर रहने तथा संदिग्ध लक्षण दिखाई देने पर तत्काल चिकित्सकीय परामर्श लेने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अजय कोष्टा, एनएसएस प्रभारी जितेंद्र द्विवेदी, राजेंद्र मालवे, सहायक प्राध्यापक रागनी मार्को, डॉ. सोनिका एवं निशा परोहा सहित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने सहभागिता कर कैंसर से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को जागरूक कर स्वस्थ एवं नशामुक्त जीवनशैली के लिए प्रेरित करना रहा।

'गांधी से गोविंद दास तक' पखवाड़ा 2 से 16 अक्टूबर तक

राष्ट्र, साहित्य, संस्कृति एवं सेवा से जुड़े होंगे आयोजन



जबलपुर। शहीद स्मारक ट्रस्ट एवं हितकारिणी सभा के संयुक्त तत्वावधान में 2 से 16 अक्टूबर तक "गांधी से गोविंद दास तक—राष्ट्र, साहित्य, संस्कृति एवं सेवा पखवाड़ा" आयोजित किया जाएगा। इसकी जानकारी हितकारिणी सभा के अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक नित्य निरंजन खंपरिया ने प्रेस वार्ता में दी। पखवाड़े का शुभारंभ 2 अक्टूबर को सुबह 11:30 बजे गोविंद स रंगमंच, शहीद स्मारक में होगा। इससे पहले सुबह 10:30 बजे हितकारिणी महिला महाविद्यालय से छात्र-छात्राओं की रैली निकलेगी। कार्यक्रम में गांधीजी के विचारों, प्रिय भजनों एवं सर्वधर्म प्रार्थना की प्रस्तुति होगी। मुख्य अतिथि बाबू विश्वमोहन मंत्री तथा अध्यक्ष मदन तिवारी होंगे। पखवाड़े में विभिन्न संस्थाओं में व्याख्यान, परिचर्चा, पुस्तक वाचन तथा निबंध, भाषण, वाद-विवाद, कविता पाठ, चित्रकला और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताएं होंगी। 16 अक्टूबर को सेठ गोविंद दास जयंती पर समापन समारोह में व्याख्यान, साहित्यिक प्रस्तुतियां और विजेताओं का सम्मान होगा। प्रेस वार्ता में एडवोकेट जयेश राठौर, डॉ. नीलेश पाण्डेय एवं आर.के. टहंगुरिया सहित आयोजन से जुड़े पदाधिकारी उपस्थित रहे।

'किस्सा कोताह' का पांचवां द्विवार्षिक समारोह 2 एवं 3 अक्टूबर को

सिहोरा। हिन्दी की प्रतिष्ठित साहित्यिक पत्रिका 'किस्सा कोताह' का पांचवां द्विवार्षिक समारोह 2 एवं 3 अक्टूबर को होटल परिणिता में आयोजित होगा। कार्यक्रम गुरु दयाल कनौजिया के सौजन्य से प्रातः 10 बजे से रात्रि 10 बजे तक चलेगा। इसमें विभिन्न राज्यों से आए साहित्यकार शामिल होंगे। 2 अक्टूबर को उद्घाटन सत्र डॉ. शिशिर पांडेय की अध्यक्षता में होगा। स्वागत भाषण गुरु दयाल कनौजिया 'दयाल' देंगे। इस दौरान राज नारायण बोहरे, गुरु दयाल कनौजिया, रामगोपाल भावुक, शिवमंगल सिंह एवं मनोरमा पंत सहित अन्य साहित्यकारों की पुस्तकों का विमोचन होगा। इसके बाद मनोरमा पंत, पवन शर्मा, कविता मुकेश, मुकेश पोपली एवं डॉ. ज्योति गजभिए कथा, बालकथा एवं लघुकथा पाठ करेंगे। कार्यक्रम का संचालन एवं समीक्षा डॉ. आशा वर्मा एवं शिवमंगल सिंह करेंगे। समारोह में कहानी एवं बाल कहानी प्रतियोगिता-2026 के विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा।

भीम आर्मी की संभागीय बैठक संपन्न, 9 को भोपाल चलो का आह्वान



जबलपुर। भीम आर्मी भारत एकता मिशन की संभागीय स्तरीय बैठक तिलवारा रोड स्थित कोकला रिजॉर्ट में आयोजित हुई। बैठक में मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष सुनील बैरसिया उपस्थित रहे। जिला अध्यक्ष संजू लाल झरिया एवं संभागीय अध्यक्ष चंद्रभान बौद्ध सहित विभिन्न जिलों के पदाधिकारियों ने सहभागिता की। बैठक में सिवनी जिला अध्यक्ष सदर पटेल, कटनी जिला अध्यक्ष संदीप चौधरी तथा बालाघाट जिला अध्यक्ष रितेश बोरकर सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक में संगठन की गतिविधियों, आगामी कार्यक्रमों और सदस्यता अभियान को लेकर चर्चा की गई। जबलपुर में संगठन का सदस्यता अभियान शुरू करने की जानकारी दी गई। बैठक में करीब 350 सदस्य एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस दौरान 9 अक्टूबर को भोपाल में मान्यवर कांशीराम के परिनिर्वाण दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में सहभागिता के लिए "भोपाल चलो" का आह्वान किया गया। पदाधिकारियों ने संगठन को मजबूत करने और अधिक लोगों को सदस्यता से जोड़ने पर जोर दिया।

राज्य कर्मचारी संघ ने 23 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा



जबलपुर। मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ ने संभागीय आयुक्त के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम 23 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन एसडीएम सृष्टि प्रजापति को सौंपा। ज्ञापन संभागीय अध्यक्ष सतीश गोंडाने के नेतृत्व में प्रदेश महामंत्री जितेंद्र सिंह सहित पदाधिकारियों ने प्रस्तुत किया। संघ ने मुख्यमंत्री चिकित्सा स्वास्थ्य बीमा योजना लागू करने, केंद्र के समान महंगाई भत्ता देने, पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) वरिष्ठता के साथ पुनः लागू करने तथा ग्रेच्युटी की अधिकतम सीमा केंद्र के समान 25 लाख रुपये करने की मांग की। इसके अलावा लिपिक संवर्ग को मंत्रालय के समान समयमान वेतनमान, कर्मचारी आयोग का गठन, दो संतान की बाध्यता समाप्त करने तथा कार्यभारित स्थापना के कर्मचारियों को अवकाश नगदीकरण एवं पदोन्नति का लाभ देने की मांग भी शामिल है। इस अवसर पर अटल उपाध्याय, देवेंद्र पचौरी, आलोक अग्निहोत्री, विवेक रंजन शुक्ला, बृजेश मिश्रा, पंकज जायसवाल, योगेश कपूर, शैलेंद्र दुबे सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

कराटे चैंपियनशिप में जबलपुर के खिलाड़ियों ने जीते 14 पदक



जबलपुर। इंदौर में 26 और 27 सितंबर को आयोजित 17वीं चीडो कप अखिल भारतीय कराटे चैंपियनशिप में जबलपुर की मास्टर संघ कराटे एकेडमी के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। एकेडमी के अध्यक्ष सेन्साई महेंद्र सोनकर ने बताया कि प्रतियोगिता में एकेडमी के 13 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया और कुल 14 पदक जीते। स्वर्ण पदक विजेताओं में जिज्ञासा काछी, विकास सैनी, आशना अग्रवाल, आरना सिंह और दैविक कुशवाहा शामिल रहे। रजत पदक ऋषित सिंह, आशना अग्रवाल और मोहम्मद आतिफ अंसारी ने जीते। वहीं कांस्य पदक कृति वाल्मीकि, आदित्य गोस्वामी, अथर्व पटेल, आयुषी पटैल और उज्जवल चौकसे ने हासिल किए। टीम के प्रशिक्षक की भूमिका सेन्साई भगवान दास ने निभाई। खिलाड़ियों की उपलब्धि पर महेंद्र सोनकर, अंकित सोनकर, करन सोनकर, सोना काछी एवं संजय जैन ने बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

सेवा संकल्प अभियान के तहत पौधारोपण



पाटन। मध्य प्रदेश जनअभियान परिषद पाटन टीम द्वारा सेवा संकल्प अभियान के तहत पौधारोपण किया गया तथा कलश यात्रा में सहभागिता की गई। कार्यक्रम में विकासखंड समन्वयक नूपुर खरे, नवांकुर संस्था प्रतिनिधि रामनारायण एवं जितेंद्र राठौर, प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष पवन बर्मन, दिनेश राठौर और परामर्शदाता राम राजा सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। अभियान का उद्देश्य जरूरतमंद एवं वंचित वर्गों तक शासकीय योजनाओं, स्वास्थ्य, शिक्षा, स्वच्छता और अन्य जनकल्याणकारी सेवाओं की जानकारी पहुंचाना है। साथ ही पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाने में सहयोग, पर्यावरण संरक्षण एवं पौधारोपण को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया। इस अवसर पर "सेवा ही संकल्प, जनकल्याण ही हमारा लक्ष्य" का संदेश दिया गया। आयोजकों ने समाज में सेवा, सहयोग और जनभागीदारी की भावना मजबूत करने का संकल्प लिया।

श्री अखिलेश कुमार मिश्रा

श्री अखिलेश कुमार मिश्रा- सिहोरा स्थित मुखर्जी वार्ड निवासी श्री अखिलेश कुमार मिश्रा (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री मुकेश कुमार मिश्रा- कालीमठ आमनपुर मदनमहल निवासी श्री मुकेश कुमार मिश्रा (57) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

श्री मोहन लाल यादव- पुलिस लाइन कांचघर निवासी श्री मोहनलाल यादव (91) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर शमशान भूमि में किया गया।

श्रीमती नीलिमा मनोहर नाइक- चिरोल्या कॉलोनी रीवा निवासी श्री मनोहर नाइक की धर्मपत्नी श्रीमती नीलिमा मनोहर नायक (66) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री गनपत चौधरी- भानतलैया चौधरी मोहल्ला निवासी श्री वेदराज चौधरी के पुत्र श्री गनपत चौधरी (40) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर शमशान भूमि में किया गया।

श्री त्रयम्बक लाल राठौड़- अनगढ़ महावीर मंदिर के पास गोरखपुर निवासी श्री त्रयंबक लाल राठौर (88) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री बाबू लाल दाहिया- लालमाटी बड़ी संतोषी निवासी श्री बाबू लाल दाहिया (58) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर शमशान भूमि में किया गया।

श्री राम प्रसाद द्विवेदी- भारत कॉलोनी मदनमहल एलआईसी के पास निवासी श्री राम प्रसाद द्विवेदी (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।



श्रीमती श्यामा कश्यप- फूटाताल दुर्गा चौक निवासी श्री राजू कश्यप की धर्मपत्नी श्रीमती श्यामा कश्यप (59) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर शमशान भूमि में किया गया।

श्री मोहन लाल खैरा- विजयनगर एचबी कॉलेज के पास निवासी श्री मोहन लाल खैरा (75) का निधन हो गया । अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्रीमती चंद्रा ललवानी- द्वारका नगर लालमाटी निवासी श्री कुंदन लाल ललवानी की धर्मपत्नी श्रीमती चंद्रा ललवानी (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर शमशान भूमि में किया गया।

श्री दशाराम पारधी- रानीपुर सुदामा नगर मदनमहल निवासी श्री दशाराम पारधी (83) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

कु. अलका पांडे- नई बस्ती 1, गोहलपुर निवासी श्री मनोज पांडे की पुत्री कु. अलका पांडे (27) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

मेजर प्रकाश राम सिंह- कौशल्या होम्स हेड पोस्ट ऑफिस के पास साउथ सिविल लाइन निवासी मेजर प्रकाश राम सिंह (82) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्रीमती केवलवासी शर्मा- रामनगर रामपुर निवासी श्री सरजू प्रसाद शर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती केवलवासी शर्मा (64) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री संजय कुमार आहके- कंचन विहार विजयनगर निवासी श्री संजय कुमार आहके (61) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री ललऊ प्रसाद केवट- पिपरिया परियट निवासी श्री ललऊ प्रसाद केवट (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

श्री अमित खरे- फूटाताल निवासी श्री ओम प्रकाश खरे के पुत्र श्री अमित खरे (42) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्रीमती सविता चटर्जी- गंगानगर गढ़ा निवासी श्री प्रशांत चटर्जी की धर्मपत्नी श्रीमती सविता चटर्जी (69) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्रीमती अनीता बाई चौधरी- गली नंबर 3 पोलीपाथर बादशाह हलवाई मंदिर के पास निवासी श्री विष्णु प्रसाद चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती अनीता बाई चौधरी (49) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री भोलाराम कनोजिया- सिविल लाइन निवासी श्री भोलाराम कनौजिया (97) का हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

श्री जगदीश पिल्ले- बिलहरी पोस्ट ऑफिस के पास निवासी श्री जगदीश पिल्ले (59) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मोक्षधाम में किया गया।

श्री हमदीप जाटव- सर्वोदय नगर रानीताल निवासी श्री दालचंद जाटव के पुत्र श्री हमदीप जाटव (45) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मोक्षधाम में किया गया।

श्रीमती मुन्नी बाई गौंड- बृजमोहन नगर छापर रामपुर निवासी श्री सुमन सिंह गौड़ की धर्मपत्नी श्रीमती मुन्नी बाई गौंड (59) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मोक्षधाम में किया गया।

श्री राकेश पटेल- इंदिरा नगर मंडीदीप निवासी श्री बीडी पटेल के पुत्र श्री राकेश पटेल (47) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्रं /संभा.अधि./13/मुख्यालय 2026-27/एम/188
दिनांक:- 30/09/2026

भवन नामांतरण सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री चिराग गाला गाला बिल्डर्स द्वारा पार्टनर पिता हरीश कुमार गाला ने मकान नं. 894/1A वार्ड पं. भवानी प्रसाद तिवारी क्षेत्रफल 3667 व.फु., भूतल 1500 व.फु., बैसमेंट 2000 व.फु., प्रथमतल 1500 व.फु., द्वितीय तल 1500 व.फु., तृतीय तल 1500 व.फु., विक्रयपत्रों के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

राजस्व निरीक्षक
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्रं /संभा.अधि./13/मुख्यालय 2026-27/एम/189
दिनांक:- 30/09/2026

भवन नामांतरण सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री चिराग गाला गाला बिल्डर्स द्वारा पार्टनर पिता हरीश कुमार गाला ने मकान नं. 894/1 वार्ड पं. भवानी प्रसाद तिवारी क्षेत्रफल 2572.18 व.फु., भूतल 1500 व.फु., बैसमेंट 1500 व.फु., प्रथमतल 1500 व.फु., द्वितीय तल 1500 व.फु., तृतीय तल 1500 व.फु., विक्रयपत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

राजस्व निरीक्षक
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

नाम परिवर्तन

मैं, श्री योगेश कुमार बजाज पिता स्व. श्री राम कुमार बजाज पता-40, बलदेवबाग चेरिताल वार्ड नं. 12 जिला जबलपुर (म.प्र.) उपरोक्त पते की स्थाई निवासी हूँ। मेरे पासपोर्ट में मेरा पुराना नाम योगेश बजाज लिखा है जो गलत है। जिसे मैंने बदलकर योगेश कुमार बजाज कर लिया है जो मेरे आधार कार्ड नं.9280 5088 0259 एवं अन्य दस्तावेजों मे भी दर्ज है। मुझको इसी नाम योगेश कुमार बजाज के नाम से जाना एवं पहचाना जावे।

गलत नामः
योगेश बजाज
सही नामः
योगेश कुमार बजाज

CHANGE OF NAME

I, WAS KNOWN AS **RESHMA PRAGI** AFTER MARRIAGE I, HAVE CHANGED MY NAME AND HENCEFORTH I, SHALL BE KNOWN AS **RESHMA PRAGI KHAN** W/O MUNEER KHAN TAJ RESIDENT OF- H. NO. 605, MIRJA GAKIB MARG, ALLAHBADI DAWAKHANA, NAYA MOHALLA, JABALPUR (M.P.) 482001.

आम सूचना खंडन

सर्व साधारण, बैंकों एवं भावी क्रेताओं को एतद् द्वारा सूचित व सावधान किया जाता है कि अधिवक्ता देवेन्द्र खरे द्वारा अपने पक्षकार शिव कुमार सोनी हेतु समाचार पत्र हरिभूमि में प्रकाशित आम सूचना दिनांक 02.09.2026 के जवाब व आपत्ति स्वरूप, मेरे पक्षकार श्री पंकज बुधोलिया पिता श्री एन.पी. बुधोलिया द्वारा यह सार्वजनिक सूचना दी जाती है कि उक्त सूचना में वर्णित ग्राम मौजा बहदन, खसरा नंबर 11/8 के कुल 5,937.5 वर्गफीट प्लॉट में से 2,969 वर्गफीट (23.75 × 125 फीट) भूमि का मूल भू-स्वामी पवन कुमार साहू द्वारा मेरे पक्षकार के पक्ष में दिनांक 06.03.2014 को अनुबंध निष्पादित कर चुका है। उक्त भूमि को पवन कुमार साहू द्वारा अवैध रूप से बेचने के विरुद्ध मेरे पक्षकार का व्यवहार वाद क्रमांक RCS A/960/2026 (पंकज बुधोलिया विरुद्ध पवन कुमार साहू व अन्य) न्यायालय २३वें व्यवहार न्यायाधीश श्रेणी-1, जबलपुर में विचाराधीन है। अतः संपत्ति अंतरण अधिनियम, 1882 की धारा 52 के अंतर्गत न्यायालयीन वाद लंबित रहने के दौरान उक्त संपत्ति का कोई भी क्रय-विक्रय, अंतरण या सौदा पूर्णतः अवैध, शून्य व निष्प्रभाव होगा तथा कोई भी लेन-देन करने वाला स्वयं जोखिम व खर्चे हेतु उत्तरदायी होगा।

दिनांक: 30/09/26
स्थान: जबलपुर (म.प्र.)
द्वारा:
श्रीकृष्ण शर्मा, अधिवक्ता
म.प्र. उच्च न्यायालय, जबलपुर
कार्यालय: 630, बोहरबाग, जबलपुर (म.प्र.)
मो.: +91 8989189954